ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग

आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान

जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 20-10-2020

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2020-10-20 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2020-10-21	2020-10-22	2020-10-23	2020-10-24	2020-10-25
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	1.0	1.0
अधिकतम तापमान(से.)	32.0	32.0	33.0	33.0	33.0
न्यूनतम तापमान(से.)	24.0	22.0	21.0	22.0	20.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	21	25	17	15	17
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	11	11	9	8	7
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	11.0	12.0	12.0	11.0	12.0
पवन दिशा (डिग्री)	90	70	90	90	90
क्लाउड कवर (ओक्टा)	1	2	0	3	3

मौसम सारांश / चेतावनी:

24 & 25 अक्टूबर को हल्की वर्षा होने की सम्भावना।

सामान्य सलाहकार:

सी-235, आर.एस.जी-44, आर.एस.जी-888, आर.एस.जी-896, जी.एन.जी-1488, आर.एस.जी-974, जी.एन.जी-1958 व जी.एन.जी-663, चने की उन्नत किस्मों की बुवाई करें।

लघु संदेश सलाहकार:

रबी फसलों में दीमक व अन्य कीडो की रोकथाम के लिए बुवाई से पूर्व अन्तिम जुताई के समय क्यूनालफॉस 1.5 प्रतिशत चूर्ण 25 किलो ग्राम प्रति हैक्टेयर खेत में डालें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
सरसों	सरसों/राया की बुवाई के लिए उचित समय अक्टूबर के अन्त तक है। पूसा सरसों-25, पूसा सरसों-26, पूसा सरसों-27, एन.आर.सी.एच.बी-101, सी.एच-52, टी-59, आर.एच-30, बायो-902, जी.एम-2 व आर.एच-819 उन्नत किस्मों की बुवाई करें। बुवाई के लिए 4-5 किलो बीज प्रति हैक्टेयर के लिए पर्याप्त है। बुवाई के समय 30 किलो नत्रजन व 30 किलो फास्फोरस प्रति हैक्टेयर की दर से दें। मोयला की रोकथाम के लिए बीज को इमिडाक्लोप्रिड 600 एफ.एस. @ 9 मिली. प्रति किलो बीज की दर से उपचारित करें।
लहसुन	लहसुन की यमुना सफेद, लावा, मलेवा व स्थानीय किस्मों की बुवाई करें। बुवाई हेतु 5 कुन्तल कलियां प्रति हैक्टेयर के लिए पर्याप्त है। बुवाई के समय कतार से कतार की दूरी 15 सेन्टीमीटर तथा पौधे से पौधे की दूरी 7-8 सेन्टीमीटर रखें।
रेंड़ी	अरण्डी की फसल में सेमी लूपर कीट की रोकथाम के लिए क्यूनालफॉस 25 ई.सी. 1 लीटर प्रति हैक्टेयर की दर से छिडकाव करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
मेंथी	मैथी की फसल के लिए आर.एम.टी-1 व आर.एम.टी-305 उन्नत किस्मों की बुवाई करें। बुवाई हेतु 20-25 किलो बीज की प्रति हैक्टेयर के लिए आवश्यकता होती है। 40 किलो नत्रजन व 40 फास्फोरस प्रति हैक्टेयर की दर से बुवाई से पूर्व खेत मे दें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	पशु बाड़े में साफ-सफाई रखें जिससे पशुओं को संक्रामक रोगों व परजीवियों के प्रकोप से बचाया जा सकें।